राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिक

कार्यपत्रक-15

पाठ-15 वित्तीय विवरण (समायोजन सहित)

1. वित्तीय विवरण तैयार करने से पहले व्यय और आय की कुछ वस्तुओं के संबंध में कुछ 'समायोजन' करना क्यों आवश्यक है?

2. वित्तीय विवरणों में पूर्वदत्त समायोजन और उनके उपचार की व्याख्या कीजिये ।

3. श्री राहुल के लेखा पुस्तकों में निम्नलिखित दर्शाया गया है। 31-3-2021 को फर्नीचर का मूल्य 5,00,000 रुपये है और 31-3-2021 को संयंत्र और मशीनरी का मूल्य 1, 00,000 रुपये है। इन सम्पितियो पर 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास लगाया जाना है। आप लाभ और हानि खाते और स्तिथि विवरण में दिए गए लेनदेन को कैसे दर्शाएंगे?

4. लेखांकन समायोजन से आप क्या समझते हैं?

5. एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से वित्तीय विवरणों में अंतिम रेहतिया के उपचार की व्याख्या कीजिए।

6. मेसर्स आरती ट्रेडर्स के निम्न तलपट से, 31 मार्च 2021 को समाप्त होन वाले वर्ष का व्यापार खाता, लाभ हानी खाता तथा उसी तिथि का स्तिथि विवरण तैयार कीजिए :

नाम शेष	रु	जमा शेष	रु
प्रारंभिक रेहतिया 1 अप्रैल,2020	15,500	पूंजी	90,000
क्रय	80,000	विक्रय	2,05,000
विक्रय वापसी	4,000	क्रय वापसी	1,000
अंतवहि ढुलाई	1,600	बट्टा	2,550
संयंत्र व मशीन	45,000	विविध लेनदार	10,550
फर्नीचर व फिक्सचर	7,000	देय विपरीत	1,800
फ्रीहोल्ड संपत्ति	48,550		
हस्तगत रोकड़	7,000		

ढुलाई बहिवहि	900		
मजदूरी	28,000		
वेतन	19,000		
बिजली (कारखाना)	750		
विविध देनदार	31,000		
यात्रा व्यय	950		
किराया और कर	3,200		
आहरण	8,000		
बीमा	250		
सामान्य व्यय	10,200		
	3,10,900		3,10,900

समायोजन:

i. 31 मार्च 2021 को स्टॉक का मूल्य 48,000 रुपये थी (बाजार मूल्य 25,000 रुपये) ।

ii. *अदत्त* मजदूरी 3,000 रुपये और *अदत्त* वेतन की राशि 2,500 रुपये थी ।

iii. पूर्वदत्त बीमा की राशि रु. 350 थी ।

iv. संयंत्र और मशीन पर 10% तथा फर्नीचर और फिक्स्चर पर 5% पर ह्रास लगाइये।

7. वित्तीय विवरण तैयार करते समय *अदत्त* व्यय के लेखांकन उपचार की चर्चा कीजिये ।

8. श्री राहुल के लेखा पुस्तकों में निम्न दर्शाया गया है की 2020-21 वर्ष में रु 60,000 वेतन का उसी वर्ष के दौरान भुगतान कर दिया।31 मार्च 2021 को वर्ष 2020-2021 का वेतन रु 5,000 का देय तो हो गया लेकिन 31-3-21 तक भुगतान नहीं हो पाया। ऐसे मामले में लेखांकन उपचार क्या होगा ।

9. "मूल्यह्रास व्यवसाय के किसी भी अन्य व्यय की तरह एक व्यय है"। इस कथन के आलोक में वित्तीय विवरण तैयार करते समय मूल्यह्रास की अवधारणा और इसके उपचार की व्याख्या कीजिये।

10. श्री पार्थ की पुस्तकों में 31.3.2021 को अंतिम रेहतिया का मूल्य 40,000 रुपये था। आप इस लेनदेन को लाभ और हानि खाते और स्तिथि विवरण में कैसे दर्ज करेंगे? साथ ही, आवश्यक समायोजन प्रविष्टि पास कीजिये ।